# आपके DSHS नकद या खाद्य लाभ

**Your DSHS Cash or Food Benefits**

Washington State Department of Social & Health Services
*Transforming lives*

ग्राहक का नाम (परिवार का मुखिया)

ग्राहक ID नंबर

## DSHS नकद अनुदान
### TANF, शरणार्थी नकदी, ABD नकदी, विपथन (Diversion)

☐ **उद्देश्य**

DSHS कम आय वाले उन निवासियों को नकद अनुदान सहायता प्रदान करता है जो लोक सहायता कार्यक्रमों के लिए पात्र होते हैं।

ये लाभ मूलभूत आजीविका व्ययों का भुगतान करने में सहायता करते हैं (RCW 74.04.770)।

TANF नकद अनुदानों का उपयोग केवल आपकी देखभाल के बच्चों के लाभ के लिए अवश्य किया जाना चाहिए। हमें इस संबंध में प्रमाण की आवश्यकता हो सकती है कि आप अपने TANF अनुदान का उपयोग बच्चों की आवश्यकताओं के लिए कर रहे हैं (RCW 74.12.260)।

☐ **समुचित उपयोग**

आप अपने नकद अनुदान का उपयोग निम्नलिखित जैसे जीवनयापन व्ययों के लिए कर सकते हैं:

- आवास
- ईंधन
- खाद्य पदार्थ
- परिवहन
- कपड़े
- घर का रखरखाव
- निजी साफ-सफाई
- रोज़गार व्यय

☐ **अवैध उपयोग**

RCW 74.08.580 के अंतर्गत, निम्नलिखित के लिए इलेक्ट्रॉनिक लाभ अन्तरण (EBT) कार्डों या EBT कार्डों से नकदी का उपयोग करना वैध नहीं है:

- जुआ। जुए में लॉटरी टिकटें, पुल टैब, पंच बोर्ड, बिंगो, घुड़दौड़, कैसीनो गेम्स और RCW 9.46, 67.16 तथा 67.70 में वर्णित संयोग का कोई खेल सम्मिलित हैं।
- किसी टैटू, शरीर छेदन या शरीर कला दुकान में सेवाएं खरीदना।
- सिगरेट या तम्बाकू खरीदना।
- अलकोहलयुक्त वस्तुएं खरीदना।
  - निम्नलिखित में वस्तुएं या सेवाएं खरीदना:
  - शराबखाने।
  - बीयर या शराब की दुकानें, अलावा इसके कि SNAP या WIC रीटेलर के रूप में अधिकृत हों।
  - नाइटक्लब।
  - जमानत बॉंड एजेन्सियाँ।
  - जुआ प्रतिष्ठान।
  - कामुक कार्यक्रमों वाले वयस्क मनोरंजन केन्द्र।
  - ऐसा कोई भी स्थान जहाँ 18 वर्ष से कम आयु के किसी व्यक्ति को जाने की अनुमति नहीं है।
    - उदाहरण के लिए मारीजुआना बेचनेवाले जहाँ पर मारीजुआना एवं/अथवा मारीजुआना आधारित उत्पाद बेचे जाते हैं।

## DSHS खाद्य लाभ

☐ **उद्देश्य**

DSHS खाद्य सहायता कार्यक्रम में निम्नलिखित सम्मिलित हैं:

- मूलभूत खाद्य पदार्थ।
- कानूनी आप्रवासियों के लिए खाद्य सहायता कार्यक्रम (FAP)।
- वाशिंगटन संयुक्त आवेदन परियोजना (WASHCAP)।
- संक्रमण संबंधी खाद्य सहायता (TFA)।

ये कार्यक्रम कम आय वाले लोगों को इलेक्ट्रॉनिक लाभ अन्तरण (EBT) कार्डों से खाद्य खरीदने में सहायता प्रदान करते हैं।

☐ **समुचित उपयोग**

आपका और आपका परिवार USDA, खाद्य और पोषण सेवा (Food and Nutrition Service, FNS) द्वारा प्राधिकृत खुदरा विक्रेता से खाद्य खरीदने के लिए अपने खाद्य लाभों का उपयोग कर सकता है।

आप निम्नलिखित खरीदने के लिए अपने लाभों का उपयोग कर सकते हैं:

- ब्रेड और अनाज।
- फल और सब्जियां।
- पनीर, दूध और डेयरी उत्पाद।
- माँस, मछली, पोल्ट्री और अंडे।
- तैयार गर्म भोजन को छोड़कर अधिकाँश खाद्य।
- भोजन का उत्पादन करने वाले बीज और पौधे।

☐ **अवैध उपयोग**

ऐसा करना गैरकानूनी है:

- खाद्य लाभों का उपयोग परिवार के पात्र सदस्यों के लिए भोजन खरीदने के सिवाए किसी अन्य चीज़ के लिए करना।
- अपना EBT कार्ड बेचना या बेचने का प्रयास करना।
- अपने लाभों या अपने EBT कार्ड से खरीदे गए खाद्य का आदान-प्रदान किसी भी मूल्यवान चीज़ के लिए करना (ट्रैफिकिंग)।
  अवैध ट्रैफिकिंग के उदाहरणों में नकदी, मादक पदार्थों या हथियारों के लिए खाद्य लाभों का आदान-प्रदान सम्मिलित है।
- अपने लाभ किसी ऐसे व्यक्ति को देना जो आपके परिवार में नहीं है।
- खाद्य लाभों का उपयोग गैर-खाद्य वस्तुओं के लिए करना। उदाहरणों में ये सम्मिलित हैं सिगरेट, तम्बाकू, बीयर, शराब, लिकर, पारिवारिक सामान, साबुन, कागज़ी उत्पाद, विटामिन, दवा या पालतू पशु-पक्षियों का भोजन।
- आपके खाद्य लाभों का क्रेडिट खातों में भुगतान के लिए उपयोग करना



Barcode label

14520

| DSHS नकद अनुदान<br>TANF, शरणार्थी नकदी, PWA, ABD नकदी, विपथन (Diversion) | DSHS खाद्य लाभ |
|---|---|
| ☐ **अनुचित उपयोग के लिए दंड**<br>अगर आप अपने EBT कार्ड या अपने EBT कार्ड से नकदी का उपयोग गैर-कानूनी रूप से या अनुपयुक्त रूप से करते हैं, तो हम ये काम कर सकते हैं:<br>• आपके नकद अनुदान का प्रबन्धन करने के लिए किसी रक्षात्मक प्राप्तकर्ता को नियुक्त करना।<br>• इसका प्रमाण लेना कि आप अपने अनुदान का उपयोग अपनी देखभाल के बच्चों के लिए करते हैं।<br>• आपके नकदी लाभ समाप्त कर देना।<br>• कानूनी कार्रवाई करना जिसमें फौजदारी मुकदमा सम्मिलित है।<br><br>☐ **EBT निकालने के लिए स्वचालित टेलर मशीन (ATM)**<br>जब आप किसी ATM में पैसा निकालने के लिए अपने EBT कार्ड का उपयोग करते हैं:<br>• ATM मालिक या मशीन संचालित करने वाला बैंक सरचार्ज वसूल सकता है।<br>• डिपार्टमेन्ट एटीएम सरचार्ज शुल्क के लिए भुगतान या धनवापसी नहीं करता है।<br>• आप किसी शुल्क के बिना कुछ स्टोरों से नकदी वापस पा सकेंगे। | ☐ **अनुचित उपयोग के लिए दंड**<br>अगर आप जान-बूझकर अपने खाद्य लाभों का दुरुपयोग करते हैं, तो:<br>• आपको किन्हीं भी दुरुपयोग किये गए लाभों का पुनर्भुगतान करने को कहा जा सकता है<br>• आपको अयोग्य ठहराया जा सकता है या आप अपने लाभ खो सकते हैं:<br>  ○ कम से कम एक वर्ष के लिए।<br>  ○ जीवनभर के लिए।<br>  ○ अयोग्य ठहराना जारी रहेगा चाहे आप किसी अन्य राज्य में चले जाएं।<br>• आप पर ज़ुर्माना किया जा सकता है।<br>• आपके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है जिसमें फौजदारी मुकदमा सम्मिलित है।<br>DSHS खाद्य सहायता की ट्रैफिकिंग के लिए मुकदमा चलाने के लिए राज्य, स्थानीय और संघीय प्राधिकरणों के साथ सहयोग करेगा। |

नीचे हस्ताक्षर करके मैं इस पर सहमत होता/होती हूँ कि DSHS नकदी और खाद्य लाभों के समुचित और कानूनी उपयोग के बारे में समझा दिया गया है। मैं लाभों का समुचित उपयोग और अवैध उपयोग के लिए दंडों को समझता/समझती हूँ। म यह समझता/समझती हूँ कि अगर मैं इस फॉर्म पर हस्ताक्षर नही करता/करती हूँ, तो DSHS लाभों के लिए मेरी पात्रता प्रभावित नहीं होगी। इस फॉर्म पर हस्ताक्षर करने में विफल रहने वाले हर व्यक्ति पर इसके बावजूद लाभों के अवैध उपयोग के लिए कार्यक्रम या आपराधिक दंड लगाए जा सकते हैं।

मैं यह समझता/समझती हूँ कि मेरा EBT कार्ड DSHS को मेरे लेन-देनों का इतिहास प्रदान करता है जिसमें यह सम्मिलित है कि मैं अपने कार्ड का उपयोग कहाँ करता/करती हूँ। मैं यह समझता/समझती हूँ कि DSHS इस सूचना और प्रतिस्थापन कार्डों के लिए अनुरोधों के मेरे इतिहास का उपयोग नकद अनुदानों या खाद्य लाभों के दुरुपयोग की जाँच-पड़ताल के लिए करेगा।

| आवेदक के हस्ताक्षर | तारीख |
|---|---|
| | |

☐ हस्ताक्षर करने से मना कर दिया; DSHS के कर्मचारी के संक्षिप्त हस्ताक्षर ____________